Title: Need to provide employment to the people whose land has been acquired for setting up industries in ST dominated areas of Bharuch Parliamentary constituency in Gujarat - Laid.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की तरफ दिलाना चाहता हूं कि यहां पर कई बड़े उद्योग लगे हैं और इन उद्योग के लगने से कई आदिवासी और किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई जिसके कारण यहां के आदिवासी और किसान जमीन अधिग्रहीत किये जाने के बाद पूर्ण रूप से बेरोजगार हो गये उनमें से कई लोगों को अभी तक विस्थापित परिवार की हैसियत से संबंधित उद्योगों में रोजगार नहीं मिला है और मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में कई उद्योग इसी कारण से लाये गये कि इन पिछड़े इलाकों का विकास हो सके, इन पिछड़े इलाकों का विकास तभी ईमानदारी से हो सकेगा जब यहां के स्थानीय गरीब लोगों को रोजगार मिलेगा।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे पिछड़े इलाकों में विस्थापित परिवार के लोगों को प्राप्त रोजगार की जांच की जाए और यहां के उद्योगों में स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाये।